डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | कार्तिक शुक्ल पक्ष,9- 2082 | भोपाल,दिन बुधवार दिनांक 29 अक्टूबर ,2025

न्यूज गैलरी

फडणवीस की पत्नी१ का भजन सुन दिग्विजय खुश

भोपाल। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस की पत्नी और बैंकर–सिंगर अमृता फडणवीस के हाल ही में रिलीज हुए भजन की सराहना की है। अमृता द्वारा गाए गए भजन स्वर्गे बोले राम–राम, कोई खुशी को सोहान मीडिया पर शेयर करते हुए दिग्विजय ने उनकी गायकी की तारीफ की है। 24 अक्टूबर को रिलीज हुए इस भजन को अब तक 47 लाख 85 हजार से ज्यादा लोग देख–सुन चुके हैं

कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सौंपा ज्ञापन

भोपाल। मध्य प्रदेश कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की मांगों को लेकर मंत्रालय में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन सौंपा। अशोक पांडे ने मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी अभी तक दैनिक वेतन भोगी से नियमित हुए कर्मचारियों को पेंशन लाभ के लिए दैनिक वेतन भोगी संघटनों की वरिष्ठ तथा लाभ नियमित सेवा से जोड़ने को के आदेश अभी तक जारी नहीं हुए हैं। कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप कर वन विभाग में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी से वन रक्षक पद पर नियमित हुए मनचाहों को दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी सेवा काल की वरिष्ठता की गणना नियमित सेवा की वरिष्ठता में करने एवं पुरानी पेंशन योजना ओपीएस का लाभ देने एवं वरिष्ठ के अनुसार ग्रेजुएटी का लाभदेने के आदेश जारी करने की मांग की है। मुख्यमंत्री ने कर्मचारी मंच को आश्वासन दिया कि वह जल्द ही मांगों का निराकरण किया जाएगा।

पूर्व आईएएस डॉ. एम मोहन राव का निधन

भोपाल। पूर्व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और समाजसेवी डॉ. एम मोहन राव के निधन की समाचार मिलते ही प्रशासनिक एवं सामाजिक जगत में शोक गई। डॉ. राव मध्यप्रदेश शासन में प्रमुख सचिव, सामाजिक न्याय तथा आदिम जाति अनुसंधान एवं विकास संस्थान के निदेशक के रूप में कार्यरत रहे थे। उन्होंने अपने दीर्घ प्रशासनिक कार्यकाल में समाज के वंचित वर्गों के उत्थान, सामाजिक न्याय की स्थापना और जनकल्याण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी अंतिम यात्रा 29 अक्टूबर को उनके निज निवास बागमुगालिया हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे चुनाभट्टी कोलार से दोपहर 2 बजे मनसा विश्राम घाट के लिए प्रस्थान करेगी।

काटजू अस्पताल में महिला मृत पाई गई.

भोपाल। सोमवार देर रात उपचार कराने आई 35 वर्षीय महिला मृत पाई गई। जहांगीराबाद निवासी लली पति दुर्गा प्रसाद सोरिया को परिजन रात 11:58 बजे अस्पताल लाए थे। अधीक्षक डॉ. बलराम उपाध्याय के अनुसार जांच में महिला मृत मिली, सूचना पुलिस को दी गई। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। एक माह पहले महिला का सीजेरियन प्रसव इसी अस्पताल में हुआ था। अस्पताल लाते समय उसके हाथ–पैरों में अकड़न थी। मौत के कारणों का खुलासा रिपोर्ट से होगा। परिजनों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी नहीं मिल पाई है।

मोहन कैबिनेट का बड़ा फैसला | सरकारी आवास खाली नहीं करने पर शासकीय सेवकों पर जबरदस्त सख्ती

30 गुना किराया, इस पर हर महीने 10 प्रतिशत की अतिरिक्त पेनाल्टी

भोपाल स्थित शासकीय आवास आवंटन नियम 2000 के नियम 17 एवं नियम 37 में संशोधन को मिली मंजूरी
क्यों लिया गया यह फैसला ?

सीएम ने दीपावली मिलन समारोह में कर्मचारियों को किया संबोधित

अभी बड़ी संख्या में शासकीय सेवक तबादले, सेवानिवृत्ति या अन्य कारणों के बाद भी सरकारी आवास रिक्त नहीं कर रहे हैं, संपदा विभाग ने की थी यह शिकायत

ऐसे सरकारी सेवक जिनका अन्यत्र तबादला हो गया है, सेवानिवृत्त या अन्य कारणवश सरकारी आवास की पात्रता नहीं रखते तो उन्हें सरकार महज तीन महीने तक की रियायत देगी

डीआर संवाददाता।। भोपाल

भोपाल में सरकारी आवास में निवास करने वाले शासकीय सेवकों के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। मप्र कैबिनेट ने आवास आवंटन नियम के कुछ नियमों में संशोधन को मंजूरी दी है। यदि ऐसे सरकारी सेवक जिनका अन्यत्र तबादला हो गया, सेवानिवृत्ति या अन्य किसी कारणवश सरकारी आवास की पात्रता नहीं रखते तो उन्हें सरकार महज तीन महीने तक की रियायत देगी। इस अवधि में हर हाल में उन्हें सरकारी आवास खाली करना पड़ेगा। ऐसा नहीं करने पर तीन माह की अवधि पूर्ण होने के बाद आवास किराया सामान्य से 30 गुना अधिक की वसूली की जाएगी। इसके बाद इसके अतिरिक्त 10 फीसदी और पेनाल्टी वसूल होगी। अभी भी राज्य में शासकीय सेवक तबादले, सेवानिवृत्ति या अन्य कारणों के बाद भी सरकारी आवास रिक्त नहीं कर रहे हैं। इससे अन्य शासकीय सेवकों को दिक्कतें हो रही हैं। संपदा विभाग शासन के बाद कमरतर किराया ले रहा था। कैबिनेट ने भोपाल स्थित शासकीय आवास आवंटन नियम 2000 के नियम 17 एवं नियम 37 में संशोधन की स्वीकृति प्रदान की है। नियमों में संशोधन को मंजूरी मिलने के बाद तुगलकी फैसले दिए, मंत्रा से पुकार होने अथवा अन्य किन्हीं कारणों से आवास रखने के लिए अनधिकृत होने पर 3 माह तक की अवधि के लिए शासकीय सेवा की ओर से सामान्य दर पर आवास आवंटित किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार कर्मचारियों के हितों के लिए हर कदम पर सजग खड़ी है। कर्मचारियों के कल्याण के मार्गों के लिए राज्य सरकार संवेदनशील है। 1 जनवरी 2006 को या उसके बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना लागू करने के लिए समिति गठित करने का निर्णय लिया है. इससे देश की पिन्शनरियों को दूर करने में मदद मिलेगी। राज्य सरकार सभी वर्गों का सम्मान रूप से ध्यान रख रही है।

मप्र में वेतन विसंगति, ग्रेड पे और पदनाम परिवर्तन के लिए गठित आयोग बनेगा यूपीएससी की तर्ज पर एक परीक्षा भी कराई जाएगी

कर्मचारी संघनो की वेतन विसंगति, ग्रेड पे, पदनाम परिवर्तन के लिए सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों को सम्मलित कर नया आयोग बनाया जाएगा। यूपीएससी की तर्ज पर एक परीक्षा भी कराई जाएगी। सीएम डॉ. मोहन यादव राज्य कर्मचारी संघ की ओर से मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में आयोजित दीपावली मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

जीवन शैली का हिस्सा बनना चाहिए पर्यावरण संरक्षण: सीएम

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रकृति के प्रति आस्था ही हमें जीवन का सच्चा अर्थ सिखाती है। भारतीय संस्कृति ने सदैव प्रकृति के साथ सामंजस्य से जीने की परम्परा अपनाई है। दुनिया के कई देश प्रकृति का दोहन कर रहे हैं पर भारत ने सदियों से प्रकृति का पोषण किया है। उपभोग प्रधान जीवन शैली वर्तमान के जलवायु संकट को बढ़ाती है जबकि उपयोग से पहले संरक्षण की समझ और योग से पहले योग का संतुलन ही भारतीय संस्कृति का सार है। भोपाल प्रकृति और प्रगति का अनूठा संगम है।

प्राकृतिक सुंदरता और जैव–विविधता सहेजे इस सुंदर शहर में पारम्परा, परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्यशाला का आयोजन शहर की विशेषता के अनुरूप है।

डॉ. यादव पर्यावरण और जीवन शैली–जलवायु परिवर्तन और शहरी विकास वैश्विक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण जीवन शैली का हिस्सा बनना चाहिए।

विकास तथा पर्यावरण के बीच संतुलन की जरूरत मुख्यमंत्री

स्थानीय सोच को वैश्विक समाधान से जोड़ने और विकास तथा पर्यावरण के बीच संतुलन बनाते हुए आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में ग्रीन कवरेज बढ़ाने, वेटलैंड संरक्षण, जलस्रोतों के पुनर्जीवन और हरित उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश के 32 लाख किसानों को सीधर पम्प उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य नीति आयोग, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और रेको के संयुक्त तत्वावधान में मानव संसाधन मंत्रालय ने रांगोली का आयोजन किया गया।

साइबर सुरक्षा को लेकर आज सुबह 8 बजे दौड़ेगा भोपाल...

डीआर संवाददाता।। भोपाल

कुपवार को भोपाल में साइबर जागरूकता रन–2025 का आयोजन किया जा रहा है। दौड़ सुबह 5 बजे प्लेटिनम प्लाजा, अटल पथ से शुरू होगी और अमेरा बैंक तिराहा होते हुए वीआई नगर स्टेडियम पर समाप्त होगी। इसमें पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, स्कूल–कॉलेजों के छात्र–छात्राएं, स्वयंसेवी संस्थाएं और आम नागरिक बड़ी संख्या में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसे प्लेटिनम प्लाजा पर फ्लैग ऑफ करेंगे। प्रतिभागियों का ट्रेक कोड सफेद टी–शर्ट और लोअर निर्धारित किया गया है। रन के दौरान थ्रूआउट दौड़ सड़क पर साइबर अवेयरनेस के बैनर जैसे संदेशों वाले बैनर और पोस्टर प्रदर्शित किए जाएंगे।

ये हैं साइबर सेफ्टी के 5 मंत्र

अजनबी लिंक पर क्लिक न करें।

पासवर्ड हर तीन माह में बदलें।

सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा न करें।

बैंक अथवा कार्यालयों किसी को न दें।

सिलसिला के लिए अधिकारियों को ट्रेनिंग दी जाएगी 9630 करें।

कार्यक्रम का मकसद नागरिकों को विशेषकर ऑनलाइन फ्रॉड, डेटा चोरी, सोशल मीडिया ठगी जैसे साइबर अपराधों से बचाव के लिए सतर्क और सशक्त बनाना है।

जबलपुर में संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक 30 से 1 नवंबर तक

डीआर संवाददाता।। भोपाल

यहां 30 अक्टूबर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की तीन दिवसीय बैठक होगी। 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक होनी वाली बैठक में आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत सहित 407 कार्यकर्ता शामिल होंगे।

कार्यक्रम में डॉ. भागवत के अलावा, सरकार्यवाह बंदाजोश होसबाले तथा 6 सहसरकार्यवाह, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सहित सभी 11 क्षेत्रों एवं 46 प्रांतों के संघचालक, कार्यवाह व प्रांत प्रचारक उपस्थित

देश में चलेगा गृह संपर्क अभियान बस्तियों में होंगे रहिंदू सम्मेलन

पत्रकारों को आमंत्रित पत्रकार वार्ता करे आरएसएस प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने संबोधित करते हुए कहा कि जबलपुर में पहली बार ये बैठक हो रही है। देशभर में संघ का शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है।

देश की सुरक्षा जैसे विषयों पर भी चिंतन किया जाएगा

इसके अलावा हिंदू धर्म के लिए स्वाग बलिदान देने वाले गुरु तेग बहादुर के 350वीं शहीदी वर्ष पर विशेष साहित्य और कार्यक्रम तय होंगे। इसी तरह भगवान बिरसा मुंडा की भी 15 नवंबर को 150वीं जयंती है। इन पर भी विशेष साहित्य और कार्यक्रम पर बैठक में चर्चा होगी।

पति पत्नी के पास बंदूक लेकर पहुंचा, दिया तीन तलाक

डीआर संवाददाता।। भोपाल

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र में बंदूक के दम पर पत्नी को तीन तलाक देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके मता–पिता नहीं हैं। वो अशोका कॉलोनी में अपने रिश्तेदार के घर पर रहती है। उसका पति उसे प्रताड़ित करता था। जिसके बाद से वो ससुराल से चली आई थी। इसी दौरान आरोपी पति अपनी लाइसेंसी बंदूक लेकर उसके रिश्तेदार के घर पहुंच गया। इस दौरान उसने बंदूक के दम पर पत्नी को तीन तलाक दिया और वापस चला गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से लाइसेंसी बंदूक को जब्त कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

शाहजहांनाबाद थाना प्रभारी यूपीएन चौहान ने बताया कि पीड़िता महिला के बाद रवानाई हुई शाहजहांनाबाद थाने पहुंची थी। यहां उसने पुलिस को एक लिखित आवेदन दिया था। इसमें बताया कि उसके पति शनिवार फजीरन की दुकान चलाता है। दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। जिसके कारण उसके पति ने उसे तीन तलाक दे दिया है।पुलिस ने बताया कि आरोपी को गुस्से में और उसके हाथ में बंदूक देख पीड़िता घबरा गई थी। जिसके बाद उसने उसके घर का फोनल लगा दिया था।

धर्म परिवर्तन कराकर मुस्लिम बनाया... जमात में भी भेजाय अब होगी घर वापसी

डीआर संवाददाता।। भोपाल

शहर में एक हिंदू युवक का धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम बनाने का मामला सामने आया है। मुस्लिम परिवार ने अपनी बेटी के साथी दोस्ती कराई। इस जमातवादी साथी ने उसे भगाने की। शादी के नाम किया तो दुष्कर्म कर गमनाक दर्जा कराया गया। उसे जमात के संरक्षण में रख रो–रोज में विवाह कराया। धर्म परिवर्तन हो गया तो आधार में उसका नाम बदल दिया गया। पर वापसी करने पर उसे जान से मारने की धमकी मिल रही है। युवक जल्द ही घर वापसी कर अपना हिंदू धर्म पुनः अपनाएगा।

आज वाली रली, बरखेड़ी निवासी युवक रोशनी (25) का धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम धर्म अपनाने को मजबूर किया गया है। इस संबंध में युवक ने जहांगीराबाद थाने में शिकायत की है। शिकायत में युवक ने उल्लेख किया है कि एक लड़की के घर वालों ने धर्म परिवर्तन के इरादे से अपनी बेटी को उसके पास भेजा और दोस्ती कराई थी। धर्म परिवर्तन के लिए लड़की के परिजनों ने छल, भयभीतकर जबरन और धार्मिक प्रलोभन देकर मजबूर।

युवक का कहना है कि धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के लिए उसके खिलाफ धर्म 2022 में दुष्कर्म का झूठा केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। बाद वह बाद जमानत पर रिहा हुआ।

मेडिकल संचालक नियमों का पालन करें नहीं तो लगेगा दो लाख रुपए का जुर्माना

डीआर संवाददाता।। भोपाल

राजधानी में दवा वितरण के संबंध में कानून की सख्ती और नियमों का कड़ाई पालन नहीं हुआ है। यहां बेधड़कोक बिना पंजीकृत अयोग्य फार्मासिस्ट दवाओं का डिस्पेंस (वितरण–विक्रय) कर रहे हैं। इस लापरवाही पर डीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा को पत्र लिखना पड़ा है। क्या दें कि पिछले महीने इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र लिखा था, जिसका भोपाल में ही सख्ती से पालन नहीं हुआ। इस कारण सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने अस्पताल अधीक्षक, निजी चिकित्सालयों, फार्मेसी और मेडिकल स्टोर संचालकों को पत्र लिखा है। इसमें स्पष्ट किया है कि फार्मेसी अधिनियम 1966 की धारा 42 में जो प्रावधान है। उसका सभी को पालन करना होगा। इसके मुताबिक मेडिकल प्रेक्टिशनर के निरीक्षण पर केवल पंजीकृत फार्मासिस्ट द्वारा ही दवाओं का डिस्पेंस किया जाना है। गैर पंजीकृत व्यक्ति द्वारा दवाओं का डिस्पेंस–वितरण एवं विक्रय होना पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए संभागवार एजेंसी स्टेट फार्मेसी काउंसिल को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने केंद्र सरकार की अधिसूचना का भी हवाला दिया है कि यदि गैर पंजीकृत फार्मासिस्ट के द्वारा डिस्पेंसिंग करते कोई पाया गया तो तीन माह की सजा एवं दो लाख रुपए का जुर्माना भरना पड़ेगा।

तक पूजा स्पेशल एक ट्रिप चलेगी छपरा से लोकमान्य तिलक टर्मिनस

भोपाल। 180 वर्ष के बाद छठियों की वापसी को स्थान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने एक विशेष अनारक्षित पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन एक ट्रिप के रूप में चलेगी। रेलवे के अनुसार ट्रेन संख्या 05051 (छपरा–लोकमान्य तिलक टर्मिनस) 28 अक्टूबर को रात 8 बजे छपरा से रवाना होगी। यह अगले दिन बैना शाम 7.30 बजे, रानी कमलापति रात 10.20 बजे और तीसरे दिन इटारसी रात

अवतरण दिवस | आधा दर्जन जिलों में दिन–रात के तापमान में औसतन तीन डिग्री का अंतर रह गया

बारिश के साथ असर, लगातार यू टर्न ले रहा पारा दो दिन से पारा खा रहा 5–6 डिग्री का गोता

डीआर संवाददाता।। भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन मौसम बदला रहा। कई जिलों में बारिश और बदली हवाओं के बीच दो दिन से तापमान में औसतन 6 डिग्री तक की घट–बढ़ हो रही है। मंगलवार को बारिश के बाद कुछ घंटे उतरे से आई सर्द हवाओं से ग्वालियर और उज्जैन में दिन का पारा क्रमशः 2 और 4 डिग्री गिरकर सामान्य से 13.3 डिग्री तक नीचे पहुंच गया। यहां अधिकतम तापमान 20 डिग्री तक रहा, जबकि रात का पारा 19 डिग्री पर होने से दिन–रात के पारे में मात्र एक डिग्री का अंतर रह गया। भोपाल, दतिया, गुना और शिवपुरी में पारा 5 से 6 डिग्री तक गिरा है। भोपाल में पारा 5 डिग्री गिरकर 25.4 डिग्री रहा, नौशहरपुर क्षेत्र का दृश्य सुबह 10:00 बजे

आज यहां तेज बारिश

बुधवार तक भोपाल, बुरहानपुर, मुरैना, श्योपुरकलां, अनूपपुर, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्ना आदि जिलों में तेज बारिश होगी। भोपाल सहित मध्य और उत्तरी हिस्से में बादल, बौछारें और कुछ जगह हल्की बारिश होगी। पड़ोसी 03 भी

यहां बारिश से फसलें खराब

सोमवार रात से मंगलवार शाम तक गर्मापुरम, रायसेन, इंदौर, सागर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, बीना संभागों के जिलों में बारिश हुई। भोपाल संभाग के रायसेन और उज्जैन में भी दर्ज की गई है। इससे तापमान में कमी रही। मुरैना, सिलोरी में खेतों में धान की फसल खराब हो गई है।

चार दिवसीय महापर्व का व्रत का पारण कर समापन

डीआर संवाददाता।। भोपाल

उगा उगा हो सूरज देव, भाइल अरगा के बेल आदि भोजपुरी भजनों व गीतों को गाते हुए भोजपुरी व पूर्वांचल समाज के लोगों ने छठ पर मंगलवार को उदित होते सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। इसी के साथ चार दिवसीय महापर्व का व्रत का पारण कर समापन किया गया। भोजपुरी समाज के लोगों ने इस मौके पर स्वच्छता का भी संदेश देते हुए।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | कार्तिक शुक्ल पक्ष 08 2082 | सीहोर, दिन बुधवार, दिनांक 29 अक्टूबर 2025

न्यूज गैलरी

ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर 835 बच्चों का टीकाकरण

सीहोर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिसे में 28 अक्टूबर को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 600 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 235 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 80 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

जिला स्तरीय जल उपयोगिता समिति की बैठक 03 को

सीहोर। कलेक्टर श्री वीरपुरु ते के निर्देशानुसार 03 नवंबर को दोपहर 01 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में वर्ष 2025-26 में ग्रामवार्ड में संचालित जल संरक्षण प्रयास पर चर्चा की जाएगी तथा वर्ष 2024-25 में हुई वास्तविक निकाई उपलब्धि, वर्ष 2025-26 के रबी कवरेज के शिवाई लक्ष्यों का निर्धारण किया जाएगा। इसी प्रकार पेयजल के लिए जल आवंटन सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

31 अक्टूबर को सभी थानों में आयोजित होगी एकता दौड़

सीहोर। शासन के निर्देशानुसार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वी जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर 2025 को प्रदेश के सभी पुलिस थानों में एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटी) का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य नागरिकों में एकता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को मजबूत बनाना है। इस संबंध में प्रदेश शासन द्वारा पूर्वांचल मुख्यालय भोपाल द्वारा आदेश जारी किए गए हैं।

उपार्जन की तिथि 31 अक्टूबर तक बढ़ाई गई

सीहोर। शिवान उपभाग तथा कृषि विकास विभाग ने किसानों के हित में कोदो- कुटकी उपार्जन के लिए पंजीयन की तिथि 31 अक्टूबर 2025 तक बढ़ा दी है। उल्लेखनीय है कि सभी दुर्गम्भी की अन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत बीकल्प प्रोसेसिंग एंड मार्केटिंग ऑफ एग्रीकल्चर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा 16 जिलों जबलपुर, कटनी, मंडला, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, बालाघाट, अनूपपुर, उमरिया, रीवा, सीधी, सिंगरौली, पेंडरा, सतना, मऊगंज, बालाघाट एवं सिवनी में कोदो एवं कुटकी उपार्जन किया जाना है। खरीफ वर्ष 2025 में ई-उपार्जन पोर्टल पर 10 से 24 अक्टूबर 2025 तक पंजीयन किए जाने का निर्णय लिया गया था। अब तिथि को बढ़ाकर 31 अक्टूबर तक किया गया है।

कार्रवाही | होम्योपैथिक व आयुर्वेदिक की डिग्री लेकर एलोपैथिक दवाओं से झोलाछाप डॉ कर रहा था मरीजों का इलाज

दो कमरों में चल रहे अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग के अमले ने ताला डालकर किया सील

डीआर संवाददाता>> इछावर

विकासखण्ड के दीनपुर ग्राम में अवैध रूप से संचालित हो रहे अस्पताल और मेडिकल स्टोर की जांच के लिए मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन टीम के आने की भनक लगते ही संचालक अस्पताल और मेडिकल स्टोर में ताले डालकर वहां से भाग निकले। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की टीम को आरोपी डॉक्टर के खिलाफ बिना कार्रवाई किए ही लौटना पड़ा। हालांकि टीम के अधिकारी का कहना है कि वह उक्त अस्पताल और मेडिकल पर नजर बनाए हुए है। उनके खुलते ही जांच कर कार्रवाई की जाएगी। सेक्टर प्रभारी डॉक्टर रेखा लाल के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर अस्पताल और मेडिकल स्टोर की जांच के लिए मौके पर भेजी गई थी।

टीम आ गई थी। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया और सेक्टर को अमर आरोपी गांवों के गोलाखेड़ा है जो पिछले दिनों हरिमूमि की टीम ने क्षेत्र के गांवों में संचालित हो रहे कई निजी अस्पताल और क्लीनिकों का भांडाफोड़ किया था। इस दौरान वहां मौजूद चल रहे मरीजों को भी उक्त अस्पताल से बाहर निकाला गया। अंचल में बड़ी संख्या में झोलाछाप डॉक्टर बेखौफ होकर मरीजों का इलाज करते हुए मिले। कई डॉक्टरों के पास निबंधित डिग्री, डिप्लोमा नहीं होने की जानकारी मिली। यहां कई फर्जी डॉक्टर अपने मकान या किराए के कमरों में क्लीनिक व अस्पताल खोलकर बेखौफ से मरीजों का इलाज करते हुए दिखाई दिए। यह झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम इलाज के नाम पर मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे है। उक्त चिकित्सक सामान्य सर्दी-जुकाम, बुखार से लेकर गंभीर बीमारियों का उपचार करने का दावा कर मरीजों से मोटी रकम वसूल रहे है। टीम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोलारखेड़ के रास्ता जाने वाले गोपालपुरा स्थित यहां चिकित्सक विभाग विष्वकर्मा का दो कमरों में संचालित होते हुए

मेडिकल संचालक ताला लगाकर फरार हो गया।

अस्पताल दिखाई दिया जिसमें दर्जनों मरीज इलाज कराने के लिए एक बैठे हुए थे। जबकि कार्रवाई को देख आदि मौके से गायब ने मेडिकल स्टोर संचालित हो रहा मिली थी। अस्पताल के सामने से सटे ही मेडिकल स्टोर भी खुलवाकर जांच की गई। जांच के दौरान मेडिकल स्टोर में दवाइयां मिली। जांच के दौरान मेडिकल स्टोर में ही बैठकर इलाज कर रहे है एलोपैथिक दवाओं से

जिले में झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम जांचों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे है। कई होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक डिग्रीधारी डॉक्टर एलोपैथी दवाएं लिखकर इलाज कर रहे है जबकि कई ऐसे फर्जी चिकित्सक भी है जिनके पंजीयन है। वह हो पंजीयन इन झोलाछाप व्यापारी और नर्सिंग होम संचालकों का कुछ सांठगांठ मिलता है।

खेत जाते समय किसान पर हमलावरों ने किया हमला, रास्ता रोका

डीआर संवाददाता>> इछावर

सीहोर के बनखेड़ी गांव में खेत पर जाते समय किसान पर जानलेवा हमला करने और रास्ता रोकने का मामला सामने आया है। पीड़ित शिवान रूपसिंह ओझा ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर को आवेदन देकर हमलावरों पर कार्रवाई और खेत जाने का रास्ता खुलवाने की मांग की है।

किसान ने बताया कि 23 अक्टूबर की सुबह करीब 7:40 बजे वह अपने भाई निहालसे साथ ट्रैक्टर लेकर दानापुरा रोड स्थित खेत जा रहे थे। तभी गांव के बसूलाल और उसके परिवार के छह अन्य सदस्य वहां पहुंचे और ट्रैक्टर रोककर खेत का रास्ता बंद करने का विरोध जताने लगे।

किसान के अनुसार, जब उन्होंने ट्रैक्टर नीचे दिया, तो आरोपियों ने शामिल लोहारिए ने ट्रैक्टर के पीछे मोटरसाइकिल खड़ी कर दी, जिससे रास्ता बंद हो गया। उसी दौरान बसूलाल ने सामने से लाठी से हमला कर दिया, जो सीधे शिवान के हाथ पर लगी। इसके बाद आरोपियों ने गाली गालौच शुरू कर दिया, जिससे दोनों के पैर, हाथ और पीठ पर चोटें आईं। किसान ने बताया कि किसी तरह दोनों भाई मौके से अपनी जान बचाकर भागे और गांव की ओर पहुंचे। वहां से उन्होंने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी, लेकिन तब तक हमलावर मौके से फरार हो गए।

पीड़ित ने बताया कि उन्होंने घटना की रिपोर्ट बनखेड़ी थाना में दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि इसी गैंग द्वारा पहले भी जान से मारने की कोशिश की जा चुकी है। पीड़ित ने बताया कि रास्ते को लेकर कई बार आवेदन दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक किसी भी अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर जांच नहीं की है और न ही रास्ता खुलवाया गया है। रूपसिंह ओझा ने कलेक्टर से गुहार लगाई है।

सीसी रोड़ मापदंड अनुरूप नही पाए जाने पर नोटिस जारी

डीआर संवाददाता>> सीहोर

जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी कलेक्टर सलोना यादव ने आष्टा जनपद के ग्राम गोलखेड़ी सड़क पहुंचकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा मनरेगा के तहत संचालित अनेक गतिविधियों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों एवं आईकार्ड के पेजानिकों से कार्यों के बारे में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पौधा अभियान, डायपिट रिचार्ज, सीसी रोड निर्माण कार्य सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण किया। सीसी रोड के निरीक्षण के दौरान रोड निर्धारित मापदंडों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर उन्होंने संबंधित सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

विद्युत वितरण कंपनी की लापरवाही से हुआ था बबला केलवाड़ी में हादसा

डीआर संवाददाता>> सीहोर

विद्युत वितरण कंपनी की लापरवाही के कारण ग्राम केवी की खईटेवा बिजली लाईन के टूटे तारों की वजह से अमर सिंह का भाजक हुए युवक की

सरकारी नौकरी और शासन की ओर से आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जाने की मांग ग्रामीणों के द्वारा की गई है। बबला केलवाड़ी के ग्रामीणों और पीड़ित के परिजनों ने इस संबंध में मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर जिला पंचायत की सीईओ सलोना यादव को ज्ञापन दिया है।

ग्रामीणों ने बताया की आर्थिक रूप से कमजोर परिवार का अभिषेक पुत्र श्रीकमलसिंह मेवाड़ा 18 वर्ष 22 अक्टूबर शुक्रवार को घर से जंगल की तरफ जाते समय रास्ते पर टूटकर नीचे गिरे बिजली के हाईटेंशन तारों की लपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर अभिषेक को बिलाकियागंज अस्पताल से लाया गया था यह से डाक्टर ने भोपाल रिफर कर दिया था करंट लगने से अभिषेक के हाथ का पंजा कट गया है। युवक के पैर सिर गले में भी गंभीर चोट है बताते किसने में भी असमर्थ है। ज्ञापन देते समय श्रीकमलसिंह मेवाड़ा सीताराम मेवाड़ा,कमल मेवाड़ा,विनायक मेवाड़ा,अरुण मेवाड़ा,सन्तोषसिंघ मेवाड़ा आदि कलेक्ट्रेट में मौजूद थे।

हाऊसिंगबोर्ड रेल्वे ओवर ब्रिज में द सर्विस रोड की मांग

डीआर संवाददाता>>सीहोर

ब्रिज कार्पोरेशन और रेल्वे विभाग द्वारा हाऊ सिंग बोर्ड कॉलोनी रेल्वे क्रासिंग पर रेल्वे ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है।

निर्माण कार्य के चलते कई तरह की अनियमितताएँ की जा रही है। जिनकी शिकायत ज्ञापन के माध्यम से समस्त शासन-प्रशासन के जिम्मेदार लोगों एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत करा चुके है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है।

उक्त रेल्वे ओवर ब्रिज रेल्वे क्रासिंग के पास पं. दीनदयाल नगर, श्यामप्रसाद मुखर्जी नगर, कृष्ण नगर, सोहेब नगर और हाऊसिंगबोर्ड कॉलोनी फेस-2, बस्ती, शांति विहार इत्यादि कॉलोनी के लगभग पांच हजार लोग निवास करते है। जिनका आने-जाने का एक मात्र मार्ग मध्य प्रदेश गृह निर्माण मण्डल द्वारा बनाया गया हाऊसिंगबोर्ड कॉलोनी का मुख्य मार्ग था।

जिसको निर्माण ऐजेन्सी द्वारा बंद कर दिया गया और ब्रिज से दोनों तरफ सर्विस रोड ना देते हुए एक तरफ से चलने का व खाली का मार्ग बनाया जो कि एक बड़ा दुर्घटना स्थल बनेगा।

उक्त ब्रिज से सीहोर शहर के पांच बड़े पब्लिक स्कूल है, जिनमें हजारों बच्चे रोज स्कूल जाने-आने के लिये निकलते है, ब्रिज को सर्वसाधारण मोड

गौ संवर्धन अभियान के तहत बरखेड़ी दोराह, बरखेड़ा हसन में पिछोर विधायक का स्वागत

डीआर संवाददाता>>स्वान्पुर

भोपाल में आयोजित गौर राष्ट्रीय संवर्धन राष्ट्र अभियान के तहत प्रदेश की पिछोर विधान क्षेत्र के नाजा विधायक प्रीतम सिंह लोधी का दिपास क्षेत्र के अंतर्गत, बरखेड़ी दोराहा, बरखेड़ा हसन पहुंचने पर उपाध्यक्ष लोधी कमाल व ग्रामीणों ने फोरदार स्वागत किया। इस दौरान अर्जुन सिंह लोधी राष्ट्रीय महामंत्री (उत्तर प्रदेश)

राजपाल भाजपा जिला पंचायत उपाध्यक्ष, बेले बिहारी लोधी, पालिकार निगम अध्यक्ष गजेंद्र सिंह लोधी, डॉ बलेश राजपूत व्यापार, जो लोधी समाज के जिला अध्यक्ष जगमहर राजपूत रामेश लोधी, रामगंज कमल लोधी राम हरिलोधी, पूर्व सरपंच श्रीराम लोधी ने स्वागत किया।

कस्बेहा हसन पहुंचने पर पूर्व सरपंच देवीलाल लोधी, पूर्व जनपद सदस्य हेमराज लोधी, सुरेश लोधी, बाबूलाल लोधी,होकम , दिनेश लोधी ने स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मुख्य मंत्री उमा भारती द्वारा आयोजित गौ संवर्धन अभियान के तहत भोपाल में बुधवार को सफल रहा में शामिल होने की अपील की गई।

अनियमितताओं को रोकने के उद्देश्य से जांच दल ने किया मेडिकल दुकानों का निरीक्षण

डीआर संवाददाता>>सीहोर

नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार मेडिकलों से विक्रय होने वाले दवाओं एवं मेडिकल दुकानों पर अनियमितताओं की रोकथाम के उद्देश्य से निरीक्षण दल द्वारा जिले की 08 मेडिकल दुकानों का निरीक्षण किया गया। जिनमें सीहोर की सूर्या मेडिकल, सीहोर कॉम्पलेक्स, न्यू सीहोर कॉम्पलेक्स, ताहिर मेडिकल, विनायक मेडिकल, सीहोर कार्नर्स, भाग्य लक्ष्मी मेडिकल एवं जमां मेडिकल शामिल है। निरीक्षण के दौरान जांच दल द्वारा मेडिकल दुकानों में स्टाक रजिस्टर, दवाओं के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड, एक्सपायर्ड दवाओं का रख-रखाव तथा प्रतिबंधित दवाओं के विक्रय आदि की जांच की गई। इसके साथ ही बच्चों को खांसी बुखार के दौरान दी जाने वाली कफ सीरपों के नमूने भी लिए गए, जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है। निरीक्षण के दौरान फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में संचालित तथा दवाओं के रिकॉर्ड न रखने वाली मेडिकल स्टोर्स को नोटिस जारी किया गया।

धार्मिक | गोपाष्टमी को बृजधाम की झलक दिखाई देगी, उमड़ेगा श्रद्धालुओं का सैलाब

कुबेरेश्वरधाम पर आज मनाया जाएगा अन्नकूटमहोत्सव, लगाया जाएगा 56 भोग

डीआर संवाददाता>>सीहोर

हर साल की तरह इस साल भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर गोपाष्टमी का पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर मिल्लालेख सेवा समिति की ओर से श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। बुधवार को होने वाले गोपाष्टमी को लेकर गोवर्धन पूजन की तैयारी के अलावा 56 भोग सहित अन्य पूजा अर्चना की जाएगी।

नरसिंहपुर को आज लाइव शिव महापुराण के चौथे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि अंधकार कोई पदार्थ नहीं होता है। प्रकाश का अभाव होता है, जब प्रकाश आता है तो अंधकार और अज्ञान दूर हो जाता है। शिव पर विश्वास और भरोसा करने से हमें जीवन में उन्नति प्राप्त होती है।

भगवान शिव का ध्यान करने से हमें पापों से मुक्ति मिलती है। उन्हें देवों के देव महादेव हर लेते है। महादेव हमेशा अपने भक्तों के निकट होता है। इस कलियुग में सबसे सरल पूजा अगर किसी देव की है,तो वह देवाधिदेव महादेव की है।

उन्होंने वाराहीर शिव पुराण को सुनने मात्र से ही व्यक्ति के समस्त पाप कर्म नष्ट हो जाते हैं और इसके शिवलोक में स्थान मिलता है। प्रवीण काल में एक नगर में देवराज नाम का एक ब्राह्मण रहता था, वह बहुत ही दुर्बल, पवित्र और वैदिक धर्म से विमुख था। वह किसी प्रकार का कोई धार्मिक कार्य भी नहीं करता और हमेशा धन अर्जित करने में ही लगा रहता था। वह सभी के साथ छल करता था और धोखा देता था। उसने बलात् हुए धन को कभी भी धर्म के काम में नहीं लगाया।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित

सीहोर। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी कलेक्टर सलोना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 51 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेड़-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड,सेवा, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, एसडीएम स्वाति मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर जमील खान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | कार्तिक शुक्ल पक्ष 08 2082 | सीहोर, दिन बुधवार, दिनांक 29 अक्टूबर 2025

न्यूज गैलरी

एमपी ट्रांसको में कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

सीहोर। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब 13 नवंबर 2025 तक ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन दिए जा सकते हैं। आवेदन के लिए बढ़ी हुई तिथि निगमित और संविदा कार्मिकों के साथ पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स के लिए भी लागू होगी। एमपी ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी श्री मुकुल सिहरोत्रा ने बताया कि पूर्वव्यवहार के क्रम में छूटने वाले अनेक पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स कुछ कारणों से इस योजना के लिए आवेदन नहीं कर पाए हैं। कोई भी पात्र कर्मचारी या पेंशनर्स इस योजना का लाभ लेने से वंचित नहीं रहे, इसलिए कंपनी ने आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई है। उन्होंने पात्र कर्मचारियों से अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना जल्द से जल्द योजना का लाभ उठाने की अपील की।

14 हजार 727 किसानों से 25 हजार 999 टन सोयाबीन की खरीदी

सीहोर। प्रदेश में सोयाबीन की बिक्री के लिए लागू की गई भावांतर योजना में 9 लाख 36 हजार 352 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। सोयाबीन का विक्रय 24 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ है जो 15 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। अभी तक 14 हजार 727 किसानों से 25 हजार 999 टन सोयाबीन खरीदी गई है। 27 अक्टूबर को 2 हजार 661 किसानों से 14 हजार 214 टन सोयाबीन की खरीदी हुई। कृषि उपज मंडी उपार्जन में पांचलिया 529, देवरा में 512, तारा में 486, इटावे में 455, खातेगांव में 425, बेरसिया में 390, आनंद में 306, खरगे में 268, कालापीपल में 336 और बालापुर में 335 टन सोयाबीन की खरीदी हुई। प्रदेश में सोयाबीन की कुंटाई का रकबा करीब में 53.20 लाख हेक्टेयर है। इस वर्ष 55.54 लाख मीट्रिक टन सोयाबीन का उत्पादन हुआ है। सोयाबीन खरीदी के प्रथम चरण यह भी योजना 7 नवंबर 2025 को भी जारी रहेगी।

युवा उत्सव के लिए आवेदन का आज आखरी दिन

सीहोर। स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय युवा उत्सव सांस्कृतिक और नवाचार थीम पर आयोजित किया जाएगा।

दोराहा सरपंच सम्मानीय स्वतंत्र कार्यशाला में करेंगी सहभागिता

सीहोर। ग्राम पंचायत दोराहा की सरपंच सहना कलीम पठान 29 अक्टूबर 2025 को पैलेस राइज कॉलोनी भोपाल में आयोजित सम्मानीय स्वतंत्र योजना कार्यशाला में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। संभागीय संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास, भोपाल संभाग के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा पोषण, स्वास्थ्य और लैंगिक समानता के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को साझा किया जाएगा। कार्यशाला में सहभागी होकर सरपंच सहना कलीम पठान ग्राम स्तर पर शासन की योजनाओं व नए दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेंगी।

सार्वजनिक नलों से टोंटियों के अभाव में बह रहा पानी

आष्टा। इन बार सर्वाधिक बारिश नहीं हुई है। इसे देखते हुए नगर पालिका आने वाले समय में सप्लाई के समय में कटौती कर सकती है। इस समय एक दिन छोड़कर पानी सप्लाई हो रही है। दूसरी तरफ, नलों से व्यर्थ पानी

सर्द मौसम | मौसम: नवंबर से जनवरी तक ठंड रहती है, लेकिन इस बार इसका असर फरवरी तक रहने की संभावना है

ठंडी हवाओं से बढ़ी सर्दी: 4 दिन बारिश के आसार, 6 नवंबर के बाद गिरेगा तापमान

डीआर संवाददाता» सीहोर

क्षेत्र में पिछले तीन दिन से हल्की बारिश का दौर जारी है। शनिवार से शुरू हुई बूंदाबांदी के बीच सोमवार रात से ठंडी हवाएं चलने लगीं, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार सुबह शहर में हल्की धुंध छाई रही और दोपहर 12 बजे तक धूप नहीं निकली।

लोगों ने गर्म कपड़े पहनना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक, अरब सागर में बना दबाव का सिस्टम और उससे जुड़ी ट्रफ मध्यप्रदेश के बीचोंबीच तक पहुंच चुकी है। इसके अलावा, दूसरा साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) गिरदाब भी अरब सागर में सक्रिय है, जो एमपी की ओर बढ़ रहा है। इस सिस्टम असर चार दिनों तक रहेगा है कि अनुमान पर प्रदेश में नवंबर से जनवरी तक ठंड रहती है, लेकिन इस बार हल्का असर फरवरी तक रहने की संभावना है।

वैज्ञानिकों के अनुसार इस बार दिखेगा (डिस्टर्ब डिस्टरबेंस) सक्रिय है। इसके कारण 2019 के बाद सबसे पीक ठंड पड़ सकती है। मंगलवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 30.5 और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जबकि मंगलवार को अधिकतम तापमान 2 डिग्री घटकर करीब 28 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

ग्रामीण क्षेत्र में प्रभावित हुई है धान की फसल

बेमौसम हुई बारिश के कारण ग्वालियर संभाग के कुछ गांव में धान की फसल प्रभावित हुई है। किसानों के खेतों में ज्वार कटी पड़ी थी और अचानक हुई तेज बारिश से खेतों में पानी भर गया। जिसके कारण धान की फसल डूब गई। किसानों का कहना है कि यह फसल खेतों में ही सड़ जाएगी और उन्हें नुकसान होगा। हालांकि प्रशासन ने अधिकारियों से सर्वे करा लिया है और इन किसानों को नुकसान की ओर से मुआवजा मिल जाएगा।

हमारे आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है भावांतर योजना

डीआर संवाददाता» सीहोर

कलेक्टर श्री बालकृष्ण के निर्देशानुसार जिले की सभी कृषि उपज मंडियों में भावांतर भुगतान योजना के तहत सोयाबीन खरीदी का कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर द्वारा सभी अनुभागों के एसडीएम, तहसीलदार एवं समस्त अधिकारियों को मंडियों का सतत निरीक्षण करने और किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में एसडीएम श्री तरुण जैन एवं तहसीलदार श्री अमित सिंह ने सीहोर कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सोयाबीन सेल, तुलाई प्रक्रिया, भुगतान पंजीयन एवं खरीदी की व्यवस्था देखी। उन्होंने मंडी सचिव को निर्देशित किया कि खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता रखी जाए, किसानों को कतार में अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े तथा तुलाई और भुगतान की प्रक्रिया समयसीमा में पूरी हो। उन्होंने कहा कि जिले में भावांतर योजना का क्रियान्वयन किसानों के हित में प्रभावी रूप से किया जा रहा है। शासन और प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक किसान को उसकी उपज का उचित मूल्य और समय पर भुगतान प्राप्त हो।

मंडी परिसर में किसानों से भावांतर योजना को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। किसानों ने कहा कि इस योजना ने उनकी गेहूनता को उचित मूल्य दिलाने का मौका दिया है। किसानों ने कहा कि सरकार द्वारा शुरू की गई यह पहल उनके आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पूर्व जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक का किया स्वागत

डीआर संवाददाता» जावर

मालवीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश सुराना एवं पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय का स्वागत किया गया। भाजपा कार्यकर्ता अजय कुमार सोनी, पूर्व सरपंच मानसिंह गंधावेला की भी मौजूदगी में जावर चौक पर स्वागत किया गया। स्वागतकर्ता में पूर्व नगर परिषद् जावर अध्यक्ष फूलसिंह मालवीय, भानसिंह मालवीय, राजा जावर लोढ़ा व अन्य कार्यकर्ताओं के बीच स्वागत हुआ।

पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश सुराना सन 1982 से ही युवा नेता और किसान संगठनों से जुड़े पार्टी के आदेशानुसार नगर व क्षेत्रीय स्तर पर कार्य करने में भी पीछे नहीं थे।

भगवान सहस्त्रबाहु जयंती पर काव्य गोष्ठी आयोजित

डीआर संवाददाता» सीहोर

स्थानीय माथुर महाकाल आरोग्य आश्रम, सेक्टर-ए, सीहोर के सभा गृह में राष्ट्रीय कवि संगम जिला इकाई सीहोर के बैनर तले भगवान सहस्त्रबाहु जयंती के अवसर पर विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गीतकार हीरालाल जायसवाल ने की। मुख्य अतिथि परम गीतकार चंद्रभान सेन कर्मा थे। विशिष्ट अतिथि डॉ. अशोक निर्वाचित रहे। सर्व प्रथम अतिथियों ने माँ सरस्वती एवं भगवान सहस्त्रबाहु के चित्र के समुख दीप प्रज्वलित कर गोष्ठी का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत।

अध्यक्ष लक्ष्मण गौरवी ने किया। सरस्वती वन्दना मोहिनी लोधानिया ने की। गोष्ठी का संचालन डॉ. विजेन्द्र जायसवाल ने किया।

इस मौके पर पं. मोहितराम जी पाठक ने कहा कि आप सभी जानते हैं की कस्तूरी सेन का प्रारम्भ्भाला देश भगवान सहस्त्रबाहु जो कि भगवान विष्णु का लक्ष्मी की पुत्र हैं उनसे प्रारंभ हुआ।

इसलिए कस्तूरी सेनाज देवव क्षत्रिय कहलाते हैं। देखा जा रहा है कि पिछले कुछ वर्षों में हम सभी लोगों के सामूहिक प्रयास से हमने समाज में अनेकों विसंगतियों को दूर करके नवीन जानकारियां प्राप्त करके समाज को एक नई दिशा देने का काम किया है। कार्यक्रम करने वाले कलिगण हीरालाल जायसवाल, सीताराम राजा, लक्ष्मण बीकसे, गोविन्द लोधानिया, डॉ.विजेंद्र व जायसवाल आदि ने कार्यक्रम कर गोष्ठी को सफाई प्रदान की। कार्यगोष्ठी में मुकेश राठौर, अजय सिंह गैवाल, सुरेश सेन, भगुरा प्रसाद सेन, श्यामलाल गुप्तवंशी, राजकुमार, राज मालवीय आदि उपस्थित रहे। अंत में आभार सभिति अध्यक्ष लक्ष्मण बीकसे ने माना।

वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों को महाकाल यात्रा, तीन दर्जन से अधिक लोगों को किया रवाना

डीआर संवाददाता»सीहोर

मंगलवार की सुबह शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के लिए एक धार्मिक यात्रा का आयोजन किया।

समाजसेवी अनिल राय और परिजनों ने वृद्धाश्रम के सभी बुजुर्गों को मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध श्री महाकाल उज्जैन के लिए रवाना। सभी बुजुर्गों को खाना खिलाया। इस कार्यक्रम यात्रा का आयोजन संस्था से जुड़े एक परिवार ने किया था। टीम के सदस्य के अनुसार इस यात्रा का मकसद अपनों से दूर वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के चेहरों पर खुशी लाने का है। कार्यक्रम के दौरान संस्था के संस्थापक दीपी सिंह और दिनेश सिंह ने यहां पर मौजूद बुजुर्गों राजा खलाल हो इसके मंगल कामनाएं दी।

मंगलवार को आयोजित धार्मिक यात्रा पर रवाना होने से पहले संकल्प नाम्नी संस्था के संचालक राहुल सिंह ने व्यक्त पर मौजूद करीब 30 से अधिक लोगों को मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध श्री महाकाल उज्जैन यात्रा के लिए समाजसेवी श्री राय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय के बाद यहां पर निवासरत बुजुर्ग पूरी आस्था और उत्साह के साथ नगर के साथ पर जाकर सैकड़ाखेड़ी की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। वही ब्राह्मण समाज के नीतिश प्रसादी सलोज दीक्षित बाबा ने बताया कि बुजुर्ग किसी भी परिवार की शोभा, प्राण के संसार सभी धरोहर होते हैं। बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान रहे इसके लिए हमारे समाजसेवी श्री राय ने बुजुर्गों को निःशुल्क धार्मिक यात्रा करने का निर्णय लिया था।

चंद्रयान से लेकर एंटी एक्सीडेंट सेनसर्ड बस जैसे कई माडल किए प्रस्तुत

डीआर संवाददाता»श्यामपुर

अंतरराष्ट्रीय स्तरीय मॉडर्न पब्लिक स्कूल सेकुलर के अनुसार सोमवार को विज्ञान पर आधारित मॉडल व प्रोजेक्ट प्रदर्शनियां का आयोजन किया गया। जिसमें प्रायमरी विंग कक्षा-उपरी से कक्षा 5वी, सेकेण्डरी विंग हायर सेकेंडरी से कक्षा-6वी से कक्षा-9वी, सेकेण्डरी विंग हायर सेकेंडरी से कक्षा-9वी से 12वी तक एवं साथ ही अटल टिंकरिंग लेब में भी छात्राध्यापकों द्वारा नए मॉडल व रोबोट बनाकर तैयार किये गये। जिसमें स्मार्ट गोगल फार ब्लाईंड मेन, हुमन फोलोविंग रोबोट, एक फाइटिंग रोबट फलाईंग ड्रोन, हुमन हेल्पिंग रोबट, एन्टी एक्सीडेन्ट सेनसर्ड बस, भूमिगत रोबट, 3 होलो ग्राम प्रोजेक्टर, स्मार्ट सिंचाई आदि विषयों पर मॉडल बनाये गये। इसी के साथ जन्म कक्षाओं के छात्रकक्षाओं द्वारा बनाए गये प्रोजेक्ट व मॉडल में हाईड्रोलिक जेसीबी, वाटर डिसेलिनेटर, सन्डयान, रूम हिटर, वैन डिटेक्टर, डीजल इंजन, स्टीम इंजन, गेम डिटेक्टर, गैस फारमुला, पेन्डुलम, स्मार्ट सिटी, ग्रामीण भारत, बारीश के जल का संचयन, ज्वालामुखी, वाटर हार्वेस्टिंग, सौर उर्जा, कार्बन पापर, विद्युत उत्पादन के वैकल्पिक साधनों, वर्षा चक्र, पर्यावरण संरक्षण, पेड़ पौधे एवं अन्य विपुल पैदावी, जल संचयन, आदि विषयों प्रोजेक्टस तैयार कर बहुत सुन्दर एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुती की गई। इन सभी प्रोजेक्टस ने सबसे ज्यादा आकर्षण का केन्द्र स्मार्ट गोगल फार ब्लाईंड मेन, हुमन फोलोविंग रोबोट, एक फाइटिंग रोबट, फलाइंग ड्रोन, एन्टी एक्सीडेन्ट सेनसर्ड बस, सूलिंग हेन्ड, रोबो रोबर, 3 होलो ग्राम प्रोजेक्टर, स्मार्ट सिटार रहा। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण व विज्ञान के तत्वों के प्रति गहन रुची, जिज्ञासा

लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

सीहोर। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब 13 नवंबर 2025 तक ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन दिए जा सकते हैं। आवेदन के लिए बढ़ी हुई तिथि निगमित और संविदा कार्मिकों के साथ पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स के लिए भी लागू होगी। एमपी ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल सिहरोत्रा ने बताया कि पूर्वव्यवहार के क्रम में छूटने वाले अनेक पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स कुछ कारणों से इस योजना के लिए आवेदन नहीं कर पाए हैं। कोई भी पात्र कर्मचारी या पेंशनर्स इस योजना का लाभ लेने से वंचित नहीं रहे।

बैठक | 7 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी अंतिम मतदाता सूची

4 नवंबर से 4 दिसंबर तक संचालित किया जाएगा घर-घर जाकर गणना चरण

डीआर संवाददाता»सीहोर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह की अध्यक्षता में जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करना और राजनीतिक दलों को इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना था।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री वृंदावन सिंह ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची लोकतंत्र की सशक्त नींव है। वर्ष 2002-2004 के बाद अब लगभग 21 वर्षों पश्चात यह विशेष गहन पुनरीक्षण पुनः किया जा रहा है, जिसके प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित किया जा सके तथा अपात्रों के नाम हटाए जा सकें।

अपर कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि मतदाता सूची के इस पुनरीक्षण की प्रक्रिया के तहत ईआरओ एवं एईआरओ प्रत्येक मतदाता के लिए विशिष्ट गणना प्रपत्र 27 अक्टूबर 2025 तक की स्थिति में तैयार करेंगे और इस गणना प्रपत्र में दर्शाया मतदाता सूची में सम्मिलित आवश्यक जानकारी होगी। प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) नियुक्त किया गया है, जो घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरवाएंगे, उनका सत्यापन करेंगे और आवश्यकतानुसार संशोधन या विलोपन की कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि तय द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई अपात्र नाम सूची में शामिल न हो।

कथा वाचक श्री मिश्रा ने प्रकाश डाला

डीआर संवाददाता»सीहोर

ग्वालवार सुबह सैकड़ों महिलाओं ने एक साथ सीहोर नदी के महिला घाट पर खड़े होकर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। महिलाएं वालर घाट पर स्थित मंदिर में पैदल मार्च-कीर्तन करती रहीं। सुबह सभी ने एक साथ अर्घ्य दिया। समाज के अध्यक्ष विनोदी सिंह समाज के लोगों के साथ वहां पर मौजूद थे। पंडित प्रवीण मिश्रा ने छठ पर्व के महात्म पर प्रकाश डाला। वहां पर नया अध्यक्ष टिम सीहोर और पूर्व जिला अध्यक्ष जसवंत सिंह अरोरा भी मौजूद थे। अगले साल 15 नवंबर को फिर यहीं मिलने के वादे के साथ सब लोग घरों से रवाना हुए। घाट पर जो भी सभी व्यवस्थाएं महिला घाट पर सभी जरूरी व्यवस्थाएं की गई थी। नया ने साफ-सफाई के अलावा वहां पर विद्युत व्यवस्था भी थी ताकि रात के समय वहां पर किसी को कोई परेशानी न हो।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | कार्तिक शुक्ल पक्ष-08,2082 | विदिशा, दिन बुधवार,दिनांक 29 अक्टूबर ,2025

न्यूज गैलरी

1 नवंबर को रामलीला में सामूहिक विवाह होंगे

विदिशा। मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना अंतर्गत जिला स्तरीय सामूहिक विवाह, निकाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता और सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के निर्देशानुसार जिला स्तरीय मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना अंतर्गत 1 नवंबर को दोपहर 12 बजे से विदिशा शहरी क्षेत्र के रामलीला मैदान प्रांगण में सामूहिक विवाह और निकाह आयोजित किए गए हैं।

जनसुनवाई में 154 में से 63 आवेदन निराकृत

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में मंगलवार को हुई जनसुनवाई में 154 आवेदनों में से 63 का मौके पर निराकरण किया गया। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने आवेदकों से संवाद कर उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। शेष लंबित आवेदनों पर निर्धारित समय सीमा में कार्यवाही कर पोर्टल पर जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई स्थल पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपचार शिविर और आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य भी किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर निकिता तिवारी, अतिरिक्त सीईओ पंकज जैनवाडिया अधिकारी उपस्थित रहे।

गोपाष्टमी पर निकलेगा गो पूजन बल समारोह

विदिशा। गोसेवा कृष्ण गौशाला विदिशा द्वारा इस वर्ष गोपाष्टमी पर 29 अक्टूबर बुधवार को 32वां वार्षिक गो पूजन बल समारोह भव्य रूप से निकाला जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9:30 बजे गौशाला में पूजन से होगी। इसके बाद शोभायात्रा हीरागंज बाबा के चबूतरे, बड़ाबुधा मौसाद, नगला मंडी, खजूरी फाटक रोड, माधवगंज शिव मंदिर, गौ रोड सावरकर, तिलक चौक, कचौली चौक और लोहा बाजार बजरिया से होते हुए पुनः गोशाला पहुंचेगी। मार्ग में स्थान स्थान पर श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत और पूजन किया जाएगा।

अब 5 नवंबर को छोड़ा जाएगा नहरों में पानी

विदिशा। जिले में सिंचाई के लिए नहरों में पानी छोड़े जाने की किसानों द्वारा की गई मांग के आधार पर 5 नवंबर बुधवार को छोड़ा जाएगा। सबाह अहमद सागर परियोजना (हलाली) के कार्यपालन यंत्री आरके पखेले ने बताया कि पूर्व में जल उपभोक्ता समिति की बैठक में सर्वसम्मति से एक नवंबर को नहरों में पानी छोड़े जाने का निर्णय लिया गया था किन्तु किसानों द्वारा की गई मांग के आधार पर हलाली डेम की नहरों में पानी छोड़े जाने का कार्य अब 5 नवंबर से शुरू होगा। उल्लेखनीय है कि दो दिन हुई बारिश के कारण भी किसानों को कुछ राहत मिल गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां अधिक बारिश हुई है वहां किसानों को अब पलेवा करने के लिए भी पानी की जरूरत

296 मरीजों की जांच कर निशुल्क दवाएं बांटीं

गंजबासौदा। के ग्राम बरेठ के पंचायत भवन में मंगलवार को एक स्वास्थ्य शिविर लगा। यह शिविर सुबह 11 बजे शुरू होकर शाम 4 बजे तक चला। इस दौरान कुल 296 मरीजों ने निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में सामान्य ओपीडी सेवाओं के साथ–साथ रक्तचाप (उच्च), शुगर, हीमोग्लोबिन, बुखार, सर्दी और खांसी की जांच की गई।

मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने ली जानकारी, पुलिस को दिए निर्देश

तारण पर हमले का मामला दिल्ली तक पहुंचा, पुलिस को हाथ लगे कई सुराग

एडवोकेट विमल तारण पर हुए हमले के मामले में मानवाधिकार आयोग के हस्तक्षेप के बाद विदिशा पुलिस पर दबाव बढ़ गया है। हालांकि पुलिस को कई अहम सुराग भी लगे हैं, लेकिन अभी तक पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के अलावा कोई भी जानकारी साझा नहीं की है।

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं अधिवक्ता विमल प्रकाश तारण के साथ हुई मारपीट का मामला अब दिल्ली तक पहुंच गया है। इस प्रकरण ने न सिर्फ विदिशा और गंजबासौदा, बल्कि राजधानी भोपाल और दिल्ली में भी राजनीतिक हलचलें बढ़ा दी हैं। मंगलवार को राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो सहित विदिशा पहुंचे और उन्होंने विमल तारण के घर जाकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम दिनेश डर्मा, सीएसपी अतुल सिंह और सिटी कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज भी मौजूद रहे। आयोग सदस्य ने न सिर्फ पुलिस अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी और विशेष रूप से साइबर सेल और अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए उन्हें तुरंत मौजूदा हालात में उपस्थित होने के निर्देश दिए।

प्रियंक कानूनगो ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि दो दिन में भी इन्वेस्टिगेशन टीम ने विमलप्रकाश तारण से मुलाकात नहीं की।

"प्रकरण में पुलिस का रवैया ठीक नहीं है। कुछ तो फोन है जिन पर पुलिस ने काम नहीं किया है। इन्हीं छोटे छोटे बिंदुओं को आधार बनाकर कोर्ट में दबाव बना के वकील लगे लगे सवाल लगते हैं। उन्होंने कहा कि वारदात में उन्हें तुरंत मौजूदा हालात में उपस्थित होने के लिए, पिछले का वीडियो बनाया गया।

उन्होंने कहा की जांच इस दिशा में होना चाहिए कि समाज में वैमनस्यता फैलाने कि घटना का उद्देश्य था तो समुचित कार्यवाई लगाना चाहिए। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है, जबकि इस मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है। साइबर सेल की जांच में कई अहम सुराग हाथ लगे हैं, जिससे जल्द ही हमले की साजिश रचने वालों का पर्दाफाश हो सकता है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि पड़े से पीछे किसी असली मुजरिमों तक पहुंचने के लिए हरसंभव प्रयास जारी हैं। घटना के बाद से शहर में सनसनी का माहौल बना है।

मांगे हैं सीसीटीवी फुटेज और सीडीआर

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता वाली पीठ ने इसे मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 12 के तहत संज्ञान में लिया है। आयोग ने एसपी विदिशा को दो सप्ताह के भीतर घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज, सीडीआर विवरण और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो सहित विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

लेकिन यह जानने को उत्सुक है कि वरिष्ठ अधिवक्ता पर हमले की साजिश आखिर किसने रची और इसके पीछे कौन-कौन शामिल हैं। जनता की निगाहें अब पुलिस की कार्रवाई पर टिकी हैं और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही पूरे मामले से पर्दा उठेगा।

खाद की मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

मंगलवार को जिलेभर के सैकड़ों किसान खाद की कमी को लेकर आक्रोशित होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान किसानों ने जमकर नारेबाजी करते हुए मांग की कि तुरंत पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए। किसानों ने आरोप लगाया कि केंद्रीय कृषि मंत्री के आदेश के

बावजूद अब तक ऑफलाइन खाद नहीं दी जा रही है। बोवनी का समय शुरू हो चुका है, लेकिन सोसायटियों में खाद की किल्लत के चलते फसल बोने में देरी हो रही है। यही, प्राइवेट दुकानों पर महंगे दामों में खाद खुलेआम बिक रही है। किसानों ने यह भी सवाल उठाया कि जब प्रशासन पटाखे जलाने पर एफआईआर और जुर्माना कर रहा है, तो विभाग बिना

पटाखे जलाए बोवनी का तरीका देखे के माध्यम से बताए। उन्होंने कहा कि बिना खाद और संसाधनों के खेती कैसे होगी। खाद आपूर्ति को लेकर एडीएम अनिल कुमार डामोर ने कहा कि पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाएगी। अब तक किसानों से पैसे बनाए रखने की अपील की गई है।

विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड नटेरन की हुई

डीआर संवाददाता ✍ नटेरन

धर्म, संगठन और समाज सेवा के संकल्प के साथ विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड नटेरन की एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी बैठक कंकाली मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री सुकेश महेश्वरी ने कहा कि संगठन ही शक्ति है, अब समय आ गया है कि हर ग्राम, हर मोहल्ले में परिषद एवं दल का विस्तार हो। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि आने वाले समय में संगठन विस्तार,

सेवाकार्य, अन्याय, सांस्कृतिक मिलन और सेवा कार्यों को नई गति दी जाए।

बैठक में विभाग मंत्री दीपक लोधवानी, जिला मंत्री राजकुमार मीणा, जिला संयोजक अजय दिसोरिया, जिला सह संयोजक शिवाल यादव सहित प्रखंड, खंड और ग्राम समितियों के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूरी बैठक के दौरान जय श्री राम बोले भारत और भारत माता की जय के नारे लगातार गूंजते रहे।

कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति गहरी श्रद्धा और समर्पण का भाव दिखाई दिया। बैठक का समापन राष्ट्र, धर्म और समाज सेवा के प्रति निष्ठा और एकजुटता के संकल्प के साथ किया गया।

"रामकरन मीणा, प्रखंड मंत्री बजरंग दल" प्रखंड संयोजक विशाल यादव सहित प्रखंड, खंड और ग्राम समितियों के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।पूरी बैठक के दौरान जय श्री राम बोले भारत और भारत माता की जय के नारे लगातार गूंजते रहे।

शमशाबाद में 8.50 लाख की चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

शमशाबाद थाना क्षेत्र में 22 अक्टूबर की रात हुई 8.50 लाख रुपए की चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। शाहपुर कॉलोनी निवासी "बूंदी बाई कसार" के घर से सोने-चांदी के जेवर और नकदी चोरी हुई थी। पुलिस ने रात दिन के गहन लगातार कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों की गिरफ्तार कर चोरी गया पूरा माल बरामद कर लिया है।

घटना के बाद मौके पर डॉग स्क्वाड और एफएसएल टीम

को बुलाकर जांच की गई थी। थाना प्रभारी "नीरज कुमार" ने बताया कि तकनीकी साक्ष्यों और फुटप्रिंट एनालिसिस के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। इसके बाद पुलिस टीमों ने संदेहास्पद ठिकानों पर दबिश देकर दोनों आरोपियों को पकड़ा। पुलिस के अनुसार, "चोरी का माल बरामद है", जिसकी तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई है।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी क्षेत्र में पहले भी कई चोरियों में शामिल रहे हैं। पुलिस ने जल्द ही पूरे गिरोह का पर्दाफाश करने का भरोसा दिलाया है।

सात दिन में खेत तक जाने रास्ता नहीं मिला तो परिवार सहित कलेक्ट्रेट में जमा लेंगे डेरा

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

भोरिया और तलावली गांव के बीच शासकीय मेड़ पर सुनान किसार, सिकर किसार, नाथवान सिंह किसार ने कब्जा कर लिया। जिसमें किसान भारत सिंह गुजराज के खेत तक कृषि उपकरण नहीं पहुंच पा रहे। किसान 6 माह से रास्ता मांगता भटक रहा है। किसान ने इसकी शिकायत ग्रामीण तहसीलदार और

कलेक्टर से भी की। आरआई पटवारी ने सीमांकन भी कर दिया, लेकिन अतिक्रमणकारियों ने कब्जा नहीं हटाया। अब किसान भारत सिंह की फसल खेत में खड़ी है, खेत तक कृषि उपकरण से जाने रास्ता नहीं है। किसान का कहना है कि 7 दिन में यदि उनके खेत तक जाने का रास्ता नहीं दिलाया तो वह परिवार के साथ कलेक्ट्रेट में डेरा डाल लेंगे। क्योंकि अब इसका कोई रास्ता नहीं बचा।

निर्देश दिए हैं

हमें और भी काम होते हैं। अभी बैठक के कार्यक्रम को लेकर व्यस्त हैं। आरआई पटवारी को शीघ्रतिपूर्ण ढंग से कब्जा हटाने कहा है। 30 तारीख के बाद देखेंगे।

अजय पाठक, तहसीलदार विदिशा ग्रामीण

आज चार घंटे बिजली कटौती होगी

डीआर संवाददाता ✍ सिरोंज

सिरोंज में बुधवार 29 अक्टूबर को चार घंटे बिजली कटौती होगी। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, 33 केवी सिरोंज गैरो बाया कोहार उप स्टेशन इंटरकनेक्शन के कार्य के चलते यह कटौती की जाएगी।

मौसम की विद्युत आपूर्ति दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रहेगी।

इस दौरान राधवी पुरा, गणेश की अवाई, लटेरी रोड, गोपाल रोड, रावल सिटी, बावनी चौक, ढाल बाजार, भूतेश्वर पल, किड़ी, कटरा, अलीगढ़ पहाड़, टोरी और गुरुमुख सहित फीडर से संबंधित क्षेत्र में सम्पन्न हुआ।विशिर में नागरिकों को संविधान के मूलभूत अधिकार और कर्तव्य, जिला का अधिकार विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

विधिक साक्षरता शिविर लगा

गंजबासौदा। तालपौल विधिक सेवा समिति की ओर से मंगलवार को ग्राम पंचायत पाथा में शपेक्ष साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर द्वितीय अध्याय न्यायालय कलिक खंड ग न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुश्री स्नो मारिया तिग्गा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।शिविर में नागरिकों को संविधान के मूलभूत अधिकार और कर्तव्य, जिला का अधिकार विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

ठंडी हवाओं से बढ़ी सर्दी | 4 दिन बारिश के आसार, 6 नवंबर के बाद गिरेगा तापमान

नवंबर से जनवरी तक ठंड रहती है, लेकिन इस बार इसका असर फरवरी तक

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

शहर में पिछले तीन दिन से हल्की बारिश का दौर जारी है। रविवार से शुरू हुई बूंदाबांदी के बीच सोमवार रात से ठंडी हवाएं चलने लगीं, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार सुबह शहर में हल्की धुंध छाई रही और दोपहर 12 बजे तक धूप नहीं निकली।

लोगों ने गर्म कपड़े पहनना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक, अरब सागर में बना दबाव का सिस्टम और उससे जुड़ी ट्रफ मध्यप्रदेश के दीपावली तक पहुंच गई है। इसके अलावा, दूसरा साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) सिस्टम भी अरब सागर में सक्रिय है, जो एमपी की ओर बढ़ रहा है। इस कारण अगले चार दिनों तक शहर में

हल्की बारिश, आंधी और गरज–चमक की संभावना बनी हुई है।

पहले हफ्ते से बढ़ेगी ठंड

देश के उत्तरी हिस्से में पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) सक्रिय है। इसके लौटने पर मौसम में बदलाव जताई गई है। इसका असर मध्य प्रदेश में 6 नवंबर के बाद दिखाई देगा, जब ठंड और बढ़ेगी। मौसम विभाग का कहना है कि अक्टूबर पर प्रदेश में नवंबर से जनवरी तक ठंड रहती है, लेकिन इस बार इसका असर फरवरी तक रहने की संभावना जताई गई है।

पैडाल्टियों के अनुसार इस बार 2010 के बाद सबसे भीषण ठंड पड़ सकती है। मंगलवार को विदिशा में अधिकतम तापमान 30.5 और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जबकि मंगलवार को अधिकतम तापमान 2 डिग्री घटकर करीब 28 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

ग्रामीण क्षेत्र में प्रभावित हुई है धान की फसल

बेमौसम हुई बारिश के कारण गंजबासौदा क्षेत्र के कुछ गांव में धान की फसल प्रभावित हुई है। किसानों के खेतों में फसल कटी पड़ी थी और अचानक हुई तेज बारिश से खेतों में पानी भर गया। जिसके कारण धान की फसल खुब गई। किसानों का कहना है कि यह फसल खेतों में ही सड़ जाएगी और उन्हें नुकसान होगा। हालांकि प्रशासन ने अधिकारियों से सर्वे करा लिया है और इन किसानों को शासन की ओर से मुआवजा मिल जाएगा।

गंजबासौदा के बरेठ में लगा स्वास्थ्य शिविर

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

"गंजबासौदा।" ग्राम बरेठ के पंचायत भवन में मंगलवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों को निशुल्क चिकित्सा सेवाएं दी गईं। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक चले इस शिविर में कुल "296 मरीजों की जांच" की गई और सभी को "निशुल्क दवाएं" वितरित की गईं।

शिविर में सामान्य ओपीडी के साथ "रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन, सर्दी, खांसी और बुखार" की जांच की गई। "सेवा सदन आई हॉस्पिटल" के सहयोग से नेत्र विशेषज्ञ "डॉ. हरिप्रसाद सेन" ने आंखों की जांच की। जांच के दौरान "15 मरीजों में मोतियाबिंद" की पहचान हुई, जिन्हें "बैरागढ़ में निशुल्क ऑपरेशन" के लिए रेफर करने पर चर्चा की गई।

"डॉ. सचिन अग्रवाल" ने मरीजों को बदलते मौसम में सतर्क रहने और स्वच्छता पर ध्यान देने की सलाह दी। शिविर में "सरपंच", कार्यक्रम समन्वयक "बुलबुल मौर्य", "संदीप गंधवानी", "प्रिया", "सिमरन", "सलोनी", "राहुल" और "प्रदुम्न पंथी" सहित आशा कार्यकर्ता सक्रिय रही। सेवा सदन के जिला समन्वयक "रविंद्र रघुवंशी", "कुलवंत चाल" और "सचिन कुर्मी" ने भी सहयोग किया।

शरद पूर्णिमा आज

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

कार्तिक शुक्ल पक्ष-08,2082

राजगढ, दिन बुधवार,दिनांक 29 अक्टूबर,2025

न्यूज गैलरी

निराकरण की उम्मीद में आए 60 आवेदक

राजगढ़। जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में समस्याओं के निवारण की उम्मीदों में जिले भर से 60 आवेदक आए। अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान ने समस्याएं सुनी व निराकरण के लिए निर्देश दिए। आवेदक विजय सिंह ने जमीन पर कब्जे की शिकायत की, जिस पर तहसीलदार जीरापुर को कलेक्टर ने निर्देश दिए। पसलिया गांव के सतुल शोलंकी ने किसान सम्मान निधि न मिलने की समस्या बताई, जिस पर तहसीलदार को कार्यवाही के लिए कहा।

ऑफिसर क्लब का जीर्णोद्धार कराएंगे

राजगढ़। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित ऑफिसर्स क्लब का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ इन्दिरा गढ़पाले, मुख्य नगर पालिका अधिकारी और जिला शहरी परियोजना अधिकारी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने काम में चल रहे नवीनीकरण कार्य को 31 दिसंबर, 2025 तक गुणवत्तापूर्ण पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से सभी कार्य सही ढंग से संपन्न कराने के लिए कहा।

जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आज

राजगढ़। मध्य प्रदेश जल संसाधन विभाग द्वारा जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट परिसर में आज बुधवार शुक्रवार 11 आयोजित होगी। जिसमें प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोलंकिया सहित जिले के सभी विधायकों सहित कलेक्टर, सीईओ, अधिकारी शामिल होंगे।

बस स्टैंड पर युवक बेहोश मिला मौत

सारंगपुर। नगर के बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय में मंगलवार शाम 4 बजे एक 35 वर्षीय अज्ञात युवक बेहोशी की हालत में पाया गया। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से युवक को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

भागवत कथा आज से

गुना की टेकरी सरकार धाम पार्किंग स्थल के पास 29 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। कथा व्यास के रूप में पं. राजेन्द्र प्रसाद शास्त्री (गोवर्धन वाले) अमृत वाणी का वाचन करेंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित होगी। कलश यात्रा का शुभारंभ 29 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे बूढ़े बाला जी मंदिर से किया जाएगा, जबकि 5 नवम्बर को पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी होगी।

रेडक्रास सोसायटी के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू

अशोकनगर। भारतीय रेडक्रास सोसायटी के निर्वाचन की प्रक्रिया 27 अक्टूबर से शुरू हो चुकी है। कलेक्टर के आदेश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्वाचन अधिकारी और तहसीलदार अशोकनगर को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। मतदाता सूची अशोकनगर के अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय और भारतीय रेडक्रास सोसायटी कलेक्टर अशोकनगर में चस्पां की। सदस्य अगर किसी प्रकार का दावा या आपत्ति करना चाहें तो निर्धारित प्रपत्र में 31 अक्टूबर तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

वेयर हाउस जांच | प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर व आउटसोर्स कंपनी भी डाटा बताने में दिखे असमर्थ

वेयरहाउस में कब रुकेगी सरकारी पैसे की लूट! कलेक्टर के जांच आदेश भी निरर्थक

डीआर संवाददाता ✉ ब्यावरा

उपार्जन के समय वेयरहाउस कर्मचारियों की बढ़ती संख्या तो ठीक परंतु उपार्जन के बाद भी उतने ही कर्मचारियों का लगातार कई वर्षों से काम करते रहना ब्यावरा वेयरहाउस वेयरहाउस प्रबंधक पर प्रश्नचिंह लगाता है। जब उपार्जन के बाद उन काम है या काम नहीं है तो भी सरकारी पैसे का दुरुपयोग क्यों किया जा रहा है। यह हाल है ब्यावरा वेयरहाउस का जहां पर आउटसोर्स कर्मचारी अपनी मनमर्जी प्रथा के बदले बिना ठीक ठीक अनुमोदित आउटसोर्स कर्मचारियों को उपस्थित बताने में कोई डरार नहीं छोड़ रहे हैं। वहीं वेयरहाउस ब्यावरा में 23-24 कर्मचारियों में से मात्र 12 ही उपस्थित होते हैं बाकी 12 कर्मचारियों की वेतन कौन डकार कर रहा है यह जांच का विषय है। सरकारी पैसा लेकर जब यह कर्मचारी इतनी हालातवर हो चुके हैं कि कलेक्टर के जांच आदेश को भी अनदेखा कर दिया गया है और 1 महीने के बाद भी जिला प्रशासन ने जांच पूरी कर अपनी रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय को नहीं सौंपी है।

कम्प्यूटर ऑपरेटर की ऑफिशियल जांच जरूरी

वेयरहाउस में आउटसोर्स पर काम करने वाला कम्प्यूटर ऑपरेटर विजयपाल सिंह राठौर का मिलने वाले वेतन का इतिहास जांच में लिया जाए तो सरकारी पैसे की बंदरबांट में प्रमुख किरदार है। हालांकि वाली रिपोर्ट पर वेयरहाउस प्रबंधक दीपेंद्र सिंह से हस्ताक्षर होते हैं तो यह भी दूध धुलाई में शामिल होगी ही यह जांच का विषय है। जिसके चलते वर्षों से कई आउटसोर्स कर्मचारियों का मिला हजम किया जा रहा है।

23 में से 12 कर्मचारी ही करते हैं काम बाकी का सिर्फ नाम

वर्षों से लगे आउटसोर्स पर काम करते करते एक कम्प्यूटर ऑपरेटर रोटेशन बनने में इतना आगे निकल गया कि वर्षों से अपने लड़के सुरेन्द्र सिंह के नाम से पैसे निकाल रहा है जबकि वह अपनी पढ़ाई के लिए दूसरे शहर में रह रहा है इसी तरह कई कर्मचारियों के पैसे निकाले जाते हैं और यह गबन में बांट लिए जाते हैं। प्रशासन जांच कर सरकारी पैसों की चल रही बंदरबांट पर रोक लगाए। कलेक्टरीय है कि ब्यावरा वेयरहाउस पर 29 आउटसोर्स कर्मचारियों में से मात्र 18 कर्मचारी ही मौजूद रहते हैं।

पिछले तीन महीनों में कम हुए कर्मचारी

ब्यावरा वेयरहाउस द्वारा पिछले तीन महीनों में आउटसोर्स कर्मचारियों जो कि पहले ही अनुपस्थित रहते थे उन्हें हटाने का दिखावा किया गया जबकि सालों से वह अपनी पेमान पा रहे थे। इसका मुख्य कारण संजय दांगी का गुलिस्तान से ब्यावरा आना माना जा रहा है। अब देखना यह है कि भ्रष्ट कर्मचारियों पर शिकंजा कसता है या फिर सरकार को चूना लगाने का क्रम रुका जारी रहेगा।

इसका कहना है . .

आउटसोर्स कर्मचारियों की वेतन रोड पर मेरे ही हस्ताक्षर होते हैं। यदि ऐसा है कि कर्मचारी काम पर नहीं आ रहे तो मैं दिखवा लेती हूं।

दीप्ती सिंह,प्रबंधक ब्यावरा वेयरहाउस

ब्यावरा में एटीएम बदलकर 56 हजार की ठगी गिरोह को पकड़ा

डीआर संवाददाता ✉ ब्यावरा

पिछले थाना पुलिस ने ब्यावरा में 56 हजार की ठगी करने वाली अन्तर्राज्यीय गैंग को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को चेक किया। इसके बाद बदमाशों के भागने का पूरा रोडमैप तैयार कर साइबर सेल की मदद ली गई। पुलिस पहले आरोपियों को खोजते हुए गुजी और हरियाणा पहुंची, लेकिन वहां मालूम चला कि आरोपी उदयपुर में ठगी की रकम से ऐश करने में लगे हैं।

इसके बाद टीम ने दबिश देकर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों के पास से 118 एटीएम, 4 मोबाइल, 56 हजार नगदी और कार बरामद की है।एसडीओपी प्रकाश शर्मा, सिटी थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह चावड़ा ने मंगलवार को पत्रकारों से चर्चा मेंआरोपियों के अपराध के बारे में जानकारी देते हुएडीसीपी व थाना प्रभारीब्यावरा कि अन्तर्राज्यीय गैंग में शामिल शामिल पिता एमरदीन उम्र 30 वर्ष निवासी सेवा सुर्जान जिला शामली उत्तरप्रदेश, नईम कल्ली पिता मेहरबान उम्र 28 वर्ष निवासी संगम विहार जिला गाजियाबाद उम्र, निवास पिता इजहार मोहम्मद उम्र 27 साल निवासी गौरीं जिला शामली उम्र, नौशाद सलीम पिता जिलेकवंद सलीम उम्र 33 साल निवासी लबुआ कलोनी जिला फरीदाबाद हरियाणा को गिरफ्तार किया गया है। इन चारों आरोपियों ने ब्यावर से 13 अक्टूबर को नारायण मोगिया का एटीएम कार्ड बदलकर 56 हजाररूपए की ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी कोई एक ठिकाना नहीं बनाते थे। पुलिस के मुताबिक ये वारदात को अंजाम देने के बाद गुरुग्राम जिला छोड़ देते थे। ब्यावरा में वारदात को अंजाम देने के बाद ये अपनी कार क्रमशः गुजी 51 एटी 2919 से सवार होकर 100 किमी दूर अलवर के रास्ते उदयपुर पहुंच गए थे। वहां इनका इरादा पहले ठगी गई राशि से ऐश करने का था इसके बाद वहीं पर अपना नया शिकार खोजना था।

अवैध लकड़ियों से भरे 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली किए जब्त

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

हरियाली के सुझावों पर वन विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। विभाग के विशेष उड़नदस्ते ने अलग-अलग स्थानों पर हो रहे लकड़ियों के अवैध परिवहन पर लगाम कसते हुए दो सवारी को पकड़कर भारी मात्रा में मांगूल, खांजना आदिलकरडियां अवैध करते हुए वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

वन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी देवकरण मिलाना को गुरुवार से सूचना प्राप्त हुई थी कि जीरापुर छोटे मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से लकड़ियों का अवैध परिवहन होने वाला है। सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर घेराबंदी की। इस दौरान सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा गया जिसमें लकड़ियां भरी हुई थी। इन लकड़ियों के बारे जब ट्रैक्टर मालिक सलीम खान से पूछताछ करने पर कागजात नहीं दिखा सका तो वो कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। इसके बाद टीम ने लकड़ियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जीरापुर थाने में खड़ा करवा दिया।

मांचलपुर-घोघटपुर मार्ग पर भी कार्रवाई की

इसी तरह के एक अन्य लकड़ी परिवहन-मांचलपुर-घोघटपुर मार्ग पर भी वन विभाग के उड़नदस्ते ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरी लकड़ियां पकड़ी गई हुई। इन लकड़ियों भी करीब 50 से पेड़ों को काटकर लाई जा रही थीं। इन पर टीम ने बड़ासा गुर्जर पर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जब्त कर लिया है।

सारंगपुर कृषि उपज मंडी के सामने रोड पर किसानों ने लगाया चक्का जाम

डीआर संवाददाता ✉ सारंगपुर।

सोमवार को कृषि उपज मंडी सारंगपुर में किसानों ने सोयाबीन खरीदी में हो रही देरी के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया और मंडी गेट के सामने मोगल रोड पर चक्का जाम लगा दिया। किसानों का कहना था कि पंजीकृत पंजीयन संख्या पर खरीदी प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की जा रही है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वोमपत से लेकर शाम 4 बजे तक भी खरीदी प्रारंभ न होने पर किसानों का आक्रोश बढ़ गया और उन्होंने मंडी परिसर में नारेबाजी करते हुए तत्काल खरीदी शुरू करने तथा नगद भुगतान की मांग की। किसानों ने बताया कि आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान में कई दिनों की देरी होती है, जिसके कारण उन्हें आर्थिक संकट झेलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि मंडी में प्रतिदिन खरीदी के लिए लंबी कतारें लगती हैं, लेकिन निर्धारित समय सीमा में खरीदी न होने से उनका वाहन और श्रम दोनों बर्बाद हो रहा है। चक्का जाम की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार गोपाल सिंह चौहान,पुलिस बल और मंडी प्रशासन मौके पर पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों को समझाने की कोशिश की, लेकिन जब किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे, तब पुलिस ने हस्तक्षेप कर जाम खुलवाया। बाद में मंडी समिति सारंगपुर ने किसानों से चर्चा कर अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल खरीदी प्रक्रिया प्रारंभकरवाई। खरीदी प्रारंभ होते ही किसानों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया। देर शाम तक मंडी में खरीदी का कार्य सामान्य रूप से जारी रहा।

बीना प्रभारी प्राचार्य का प्रभार, दूसरे शिक्षक को सौंपा बीसी में प्राचार्य के जवाब से नाराज हुए डीईओ

डीआर संवाददाता ✉ ब्यावरा

अधिकारी के सामने सच बोलना भी कभी कभी भारी पड़ जाता है और उसके परिणाम किसी भी हद तक जा सकते हैं। खिलचीपुर ब्लॉक के पीपल्याखला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य के पद पर रहते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाने वाले देवनारायण दांगी पिछले दिनों हुई बीसी में जिला शिक्षा अधिकारी के एक प्रश्न के उत्तर देने के चलते उनके तांत्र का शिकार हो गए। जबकि प्राचार्य देवनारायण दांगी ने अपने अन्य कार्यकाल में स्कूल को व्यवस्थित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। साथ ही परीक्षा परिणामों को सुधारने के लिए भी शिक्षक न होने पर स्वयं आगे बढ़कर कक्षाएं लीं।

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला प्रभार

वहां से और बच्चों के पढ़ाते थे। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा एक प्राचार्य के साथ इस तरह का व्यवहार शिक्षित वर्ग की तटस्थ्यिता का उदाहरण भी कहा जा सकता है।

सूत्रों की माने तो जिसके दिनों पीपल्याखला स्कूल की एक शिक्षिका को जीरापुर छात्रावास का चार्ज देने और स्कूली बच्चों की पढ़ाई का नुकसान होने को लेकर प्राचार्य ने अपनी बात डीईओ से रखी थी परंतु शिक्षिका राजनीतिक रूप से ज्यादा सक्षम होने के चलते क्या प्राचार्य को हटाया गया। यदि ऐसा है तो यह डीसाहब बच्चों के भविष्य के लिए युकसान दायक सिद्ध न ही जाए।

गागोरनी का वैष्णव समाज सहित अन्य ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट

डीआर संवाददाता ✉ गुना

दिनांक 22 अक्टूबर को जीरापुर क्षेत्र के गांव गागोरनी में रास्ते के पुराने विवाद को लेकर समुदाय विशेष से जुड़े कुछ लोगों ने दूसरे पक्ष पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया था। इस हमले में वैष्णवी समाज के कई लोग घायल हो गए। जिनमें से कुछ को झालावाड़ रेफर करना पड़ा था। वहीं एक गर्भवति महिला को भी काफी मारपीट की गई थी। इस घटना के बाद जीरापुर पुलिस ने कुछ लोगों पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया था। वहीं कार्रवाइयों का कहना है था कि पुलिस द्वारा मामूली धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली लेकिन हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। इस संबंध में पीड़ित पक्ष सहित ग्रामीणों ने 23 अक्टूबर को कलेक्टेट पहुंचकर आरोपियों द्वारा सरकारी जमीन पर लिए गए अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलवाने की मांग रखी थी। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने से आक्रोशित वैष्णवी समाज सहित अन्य ग्रामीणजन मंगलवार को पुनः कलेक्टेट पहुंचे।

युवा सम्मेलन | मुख्यालय स्थित मंगल भवन परिसर में भाजपा के जिला स्तरीय युवा सम्मेलन हुआ

भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

अतिथि सांसद रोशनलाल नागर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आज पहले हम सभी उपकरणों के आयातक थे लेकिन अब हम निर्यातक बन चुके हैं। सुपर कंप्यूटर मिसाइल, पनडुब्बी और अनेक प्रकार के स्वदेशी हथियार देश में निर्मित हो रहे हैं। पार्टी जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश तेजी सेआत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर भाजपा एक पॉर यूनिटी का आयोजन करेगी। आगामी 31 अक्टूबर को इस दौड़ में अनेकों लोग सम्मिलित होकर एकता का संदेश देंगे। विधायक अमर सिंह यादव ने कहा कि आज का भारत आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है।

विधायक ने किया स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान

विधायक यादव ने कहा कि भारत किसी भी वस्तु या सेवा के लिए दूसरे देशों पर निर्भर न रहे। उन्होंने आह्वान किया कि हम सब स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं जिससे देश आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बने। इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, प्रदेश मंत्रीसंगठन, प्रवेश कुमार सांगिति सदस्य दिलबर यादव, मोना सुसतानी, दीपेंद्र चौहान, जिला महामंत्री अमित शर्मा, रामसिंह जलालिया, कोषी पवार सहित भाजपा जिला पदाधिकारी जलवा गुर्जर, शैलेश गुप्ता, जगदीश नागर, ईश्वर सिंह लोधर, नगर अधिक का अध्यक्ष विनोद साहू, पूर्व जिला महामंत्री मनोज हाड़ा, मंडल अध्यक्ष नवीन जोशी, पूजा सोलंकिया, जिला मीडिया प्रभारी आनंद तिवारी, जिला सह-मीडिया प्रभारी जगदीश दास सहित भाजपा एवं युवा मोर्चा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

कथा के समापन के दौरान शोभायात्रा निकाली गई

डीआर संवाददाता ✉ सारंगपुर।

श्री मनासमेश्वर महादेव मंदिर भूरी का मैदान प्रांगण में श्री गोवंद कृष्ण भजन मंडली के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय गाणी बाई का मायरा कथा का समापन भक्तिमय वातावरण में शोभायात्रा के साथ हुआ।

इस अवसर पर कथा वाचिका कवित्री कविता दीदी राजपुरा ने प्रतिदिन प्रातः 8 से में 12 12 बजे तक भक्तिभाव से कथा वाचन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। प्रत्येक दिवस कथा के बाद आरती एवं प्रसादी वितरण हुआ। अंतिम दिवस पर भजन मंडली की सदस्या महिलाओं द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कथा एवं भजन-नृत्य कार्यक्रम देर रात्रि 1 बजे तक चलता रहा। भक्ति के इस उल्लासपूर्ण माहौल में वर्षा होने के बावजूद महिलाएं अंत तक डटी रहीं और उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर भजन मंडली की प्रमुख सकुंतला सोनी, गौरबाई सहित एवं ललिता सहित सभी महिलाओं का आभार व्यक्त किया।